## एक नजर में



### केवलारी में विशेष रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**केवलारी।** आमजनों की सेवार्थ एवं रक्त की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आज दिनांक 17 जून 2026 को सिविल अस्पताल केवलारी में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह जन-कल्याणकारी आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पुनीत अवसर पर माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद (लोकसभा क्षेत्र मंडला) ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का विशेष दौरा किया। उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान करने वाले आम नागरिकों से आत्मीय मुलाकात की। माननीय सांसद महोदय ने रक्तदाताओं की इस निस्वार्थ सेवा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए किया गया यह महादान समाज के लिए एक उत्कृष्ट प्रेरणा है। शिविर के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन तथा रक्त संग्रहण के कार्य को जिला चिकित्सालय, सिवनी की ब्लड बैंक टीम एवं सिविल अस्पताल केवलारी एवं माध्यम सेवा परिवार के कार्यकर्ताओं के सहयोग द्वारा संपन्न किया गया। शिविर में ब्लॉक केवलारी के क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी स्वैच्छिक सहभागिता दर्ज कराते हुए रक्तदान किया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल



सिवनी। जिले के घंसौर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मंगलवार देर रात मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों और स्टेशन मास्टर की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार, घंसौर के नर्मदा नगर निवासी बृजेश ठाकुर (40) मंगलवार 16 जून की देर रात रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरियों के किनारे से गुजर रहे थे. इसी दौरान वह किसी कारणवश मालगाड़ी की चपेट में आ गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से चोटिल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर स्टेशन मास्टर और रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंचे. उन्होंने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति का परीक्षण किया. जांच में शरीर के तीन से चार स्थानों पर हड्डियां टूटने की आशंका जताई गई. गंभीर चोटों और बेहतर इलाज की आवश्यकता को देखते हुए चिकित्सकों ने बृजेश ठाकुर को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.

### खुली नाली और मलबे से बढ़ा खतरा, हो रही दुर्घटनाएं

सिवनी। डीओ ऑफिस के पीछे स्थित सी.वी. रमन वार्ड में कृष्णाम गार्डन के सामने नाली निर्माण कार्य अधूरा पड़े होने से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार पिछले सात दिनों से नाली निर्माण के दौरान निकाला गया मलबा सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिसे अब तक नहीं हटाया गया है। वहीं नाली निर्माण का कार्य भी बीच में ही रुक गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुली पड़ी नाली और सड़क पर फैले मलबे के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। कई लोग फिसलकर घायल हो चुके हैं, जबकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन लगातार बना रहता है।

# परासिया पंचायत में लाखों के काम में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**सरपंच-सचिव की मिलीभगत से करा रहे ठेकेदारों के साथ काम**

**सिवनी नवभारत। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत परासिया में विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए गए सड़क निर्माण, तालाब स्नान घाट निर्माण तथा शासकीय भूमि से जुड़े कार्यों में बड़े पैमाने पर हुए काम को लेकर जांच की मांग शुरू हो गई है क्योंकि काम नियम विरुद्ध तरीके से कराई जा रहे हैं साथ ही जो काम जनपद पंचायत एजेंसी करती है वह काम ठेकेदारों के हाथ किया जा रहा है और ठेकेदारों से ग्रामीण ऑन ने आरोप लगाते हुए सरपंच सचिव के ऊपर 10 से 15 परसेंट कमीशन लेकर ठेकेदार को यह काम जानबूझकर दिया गया है और काम में भारीअनियमितताएं की गई हैं और सरपंच-सचिव की मिलीभगत से शासकीय राशि का दुरुपयोग हुआ है।**




ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत परासिया के सरपंच हरि सिंह मरावी और सचिव नरेंद्र भलावी की देखरेख में किए गए कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि गांव की पुरानी सड़क वर्ष 2021 में बनाई गई थी, लेकिन वर्ष 2026 में उसी मार्ग पर लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये की लागत से नई सड़क निर्माण का कार्य दर्शाया गया। जबकि मौके पर केवल लगभग 400 ट्रॉली मुरम डाली गई, जिसकी निष्पक्ष जांच होती है तो मामला सामने देखना और सुनने को मिल जाएगा इसके अलावा बिना पर्याप्त पानी डाले मात्र एक बार रोलर चलाया गया और करीब 6 डम्पर 6 एमएम गिट्टी फैलाकर कार्य को पूर्ण बता दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला नया नहीं है। इस संबंध में वर्ष 2012-13 में भगवत सिंह द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी, जिसके बाद वन विभाग, तहसीलदार एवं एसडीएम कार्यालय स्तर पर लंबे समय तक प्रकरण विचाराधीन रहा। हालांकि बाद में उस मामले का क्या निष्कर्ष निकला, इसकी जानकारी आज तक सार्वजनिक नहीं हो सकी। अब एक बार फिर उसी शासकीय भूमि पर कथित कब्जा कर खेती किए जाने के आरोप सामने आने से प्रशासनिक कार्यवाही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

पूर्व सरपंच पति रविशंकर रसिक ने इस पूरे मामले की पुनः जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि वर्ष 2001 से अब तक के अभिलेख, वन विकास अभिकरण के रिकॉर्ड, पानी रोको-पानी संजोओ योजना के अंतर्गत हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन, पूर्व शिकायतों की जांच रिपोर्ट तथा वर्तमान भूमि की स्थिति की संयुक्त जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

पूर्व सरपंच पति रविशंकर रसिक ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत एवं संबंधित जांच एजेंसियों से ग्राम पंचायत परासिया में हुए सभी निर्माण कार्यों और शासकीय भूमि से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि पंचायत स्तर पर होने वाले कथित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और शासकीय धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों एवं पूर्व सरपंच पति रविशंकर रसिक द्वारा लगाए गए आरोपों और उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित है। आरोपों की पुष्टि सक्षम जांच एजेंसियों द्वारा किया जाना शेष है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।






### स्नान घाट में भी भ्रष्टाचार, मटेरियल में अनियमितताएं



आश्चर्य इस बात की पंचायत द्वारा तालाब में स्नान घाट निर्माण के लिए लगभग 24 लाख 75 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। आरोप है कि इस राशि के विरुद्ध केवल 6 सीढ़ियों (स्टेप) का निर्माण कराया गया, जिसमें लगभग 600 बोरी सीमेंट, 3 डम्पर रेत और 4 डम्पर गिट्टी का उपयोग किया गया। ग्रामीणों का दावा है कि स्वीकृत राशि और वास्तविक कार्य में भारी अंतर है, जिससे शासकीय धन के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की जा रही है। जिसमें इस पूरे खेल का खिलाड़ी सरपंच सचिव की भूमिका की चर्चा चल रही है और इस मामले में पूर्व सरपंच पति रविशंकर रसिक ने भी खुलकर सरपंच और सचिव के कार्यों पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर मनमाने तरीके से राशि का उपयोग किया गया और पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव रहा। उनका कहना है कि यदि संबंधित निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच, माप पुस्तिका (एमबी), भुगतान अभिलेख, सामग्री क्रय विवरण और गुणवत्ता परीक्षण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई गंभीर तथ्य सामने आ सकते हैं। और जिस तरह से सरकारी राशि का इस्तेमाल इन कार्यों में किया जा रहे हैं उन सब कार्यों को नए तरीके से निर्माण कर सकें।

### वन भूमि पर कब्जे और बांस कटाई का मामला भी उठा, वर्षों पुरानी शिकायतों का क्या हुआ?

ग्राम पंचायत परासिया में केवल निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के आरोप ही नहीं, बल्कि शासकीय वन भूमि पर कब्जे और वन संपदा के दुरुपयोग का मामला भी एक बार फिर चर्चा में आ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2001 में वन विकास अभिकरण के तहत शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने पर बांस रोपण किया गया था। बाद में इन बांसों को काटकर बेच दिया गया और उससे प्राप्त राशि का उपयोग व्यक्तिगत रूप से किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जिस शासकीय भूमि पर बांस लगाए गए थे, उसी भूमि पर वर्ष 2024 में शासन की पानी रोको- पानी संजोओ योजना के तहत कंटूर ट्रेंच (Contour Trench) का निर्माण कराया गया था, ताकि जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन का कार्य किया जा सके।



आरोप है कि उक्त कंटूर ट्रेंच को बाद में जेसीबी मशीन से तोड़कर भूमि को समतल कर दिया गया और अब उस शासकीय भूमि पर कब्जा कर खेती की जा रही है।

### इनका कहना है



जितने भी काम ग्राम पंचायत द्वारा किए गए हैं उन सब की निष्पक्ष जांच हो।

**रवि शंकर रसिक ग्राम पंचायत परासिया पूर्व सरपंच पति**

जानकारी आपके माध्यम से प्राप्त हुई है शिकायत आने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**पटवारी ग्राम पंचायत परासिया**

रोजगार सहायक से आप जानकारी ले सकते हैं अभी भुगतान नहीं हुआ है।

**नरेंद्र भलावी ग्राम पंचायत सचिव परासिया**

सारे काम नियम अनुसार किया जा रहे हैं काम अभी चालू है।

**हीरा सिंह मरावी सरपंच परासिया**

# हामिद इंजीनियर पर एनएसए की बड़ी कार्रवाई

**सिवनी नवभारत।** बकरीद के दौरान गौवंशों की कुर्बानी की योजना को समय रहते विफल किया गया था तथा 7 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कर गौशाला भेजा गया था। नागपुर निवासी मोहम्मद हामिद उर्फ इंजीनियर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर 3 माह के लिए जेल भेजा गया।

सिवनी जिले में पुलिस के अनुसार, आरोपी पर बकरीद के दौरान गौवंश वध का प्रयास कर जिले का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रचने का आरोप है। बकरीद पर गौवंश वध के प्रयास के आरोपी पर एनएसए की कार्रवाई सिवनी कोतवाली पुलिस ने बकरीद के दौरान कथित रूप से गौवंश वध का प्रयास कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में नागपुर निवासी मोहम्मद हामिद उर्फ इंजीनियर (69) के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 16 जून 2026 को नागपुर से गिरफ्तार कर 3 माह के लिए केंद्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी का कहना है कि 28 मई 2026 को बकरीद के दौरान गौवंशों की कुर्बानी की योजना को समय रहते विफल किया गया था तथा 7 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कर गौशाला भेजा गया था। आरोपी के विरुद्ध पहले भी गौवंश वध और सांप्रदायिक मामलों से जुड़े प्रकरण दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।



पुलिस ने कार्रवाई को जिले में शांति, कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया है। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर 7 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया और गौशाला भेजा.

# एआईएमआईएम ने शादाब पटेल को 4 जिलों का सदस्यता अभियान पर्यवेक्षक नियुक्त किया



**सिवनी नवभारत।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) मध्यप्रदेश इकाई ने सिवनी जिले के ग्राम कंडीपार निवासी शादाब पटेल को पार्टी के सदस्यता अभियान के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान द्वारा जारी अधिकृत पत्र के अनुसार शादाब पटेल को सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट जिलों का मेंबरशिप ड्राइव ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षक) नियुक्त किया गया है। शादाब पटेल इन चारों जिलों में AIMIM के सदस्यता अभियान का संचालन, पर्यवेक्षण एवं समन्वय करेंगे। साथ ही सदस्यता अभियान के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान तथा पार्टी इकाइयों के साथ तालमेल बनाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि सदस्यता अभियान पूरी तरह निशुल्क रहेगा तथा किसी भी आवेदक से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह नियुक्ति 31 दिसंबर तक अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। शादाब पटेल की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।



# प्रॉपर्टी विवाद में कराई गई थी गोलीबारी, 3 गिरफ्तार

**बुधवारी फायरिंग कांड का खुलासा, साजिशकर्ता फरार**

**सिवनी नवभारत।** शहर के बुधवारी क्षेत्र में 11-12 जून की दरमियानी रात हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि करीब तीन करोड़ रुपये मूल्य की विवादित संपत्ति पर कब्जे और लाभ की मंशा को लेकर साजिश रची गई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक मुख्य साजिशकर्ता अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार फरियादी शैलेन्द्र चौरसिया के घर पर रात करीब 2.30 बजे गोली चलाई गई थी। गोली दुकान के शटर को चीरते हुए घर के भीतर पहुंची। जिस स्थान पर गोली लगी, वहां फरियादी सामान्यतः सोया करता था। घटना से यह स्पष्ट हुआ कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि छिंदवाड़ा चौक स्थित एक विवादित संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद का फायदा उठाने के उद्देश्य से आरोपियों ने ऐसी योजना बनाई कि हमला होने पर संदेह संपत्ति विवाद से जुड़े अन्य पक्षों पर जाए और वे संपत्ति पर कब्जा करने में सफल हो सकें। पुलिस जांच में सामने आया कि अमन चौहान और गौरव दीक्षित ने भोपाल से दो शूटर बुलाए थे। शूटर निखिल बाथम ने देशी पिस्टल से फायर किया, जबकि गोलू अहिरवार बाइक चलाकर उसे घटनास्थल तक लेकर गया। घटना में प्रयुक्त बाइक की व्यवस्था अमन चौहान ने की थी। घटना के बाद पुलिस ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। गिरफ्तार आरोपियों में निखिल बाथम (भोपाल), गोलू अहिरवार (भोपाल) और अमन चौहान (सिवनी) शामिल हैं। मामले का मुख्य आरोपी एवं कथित साजिशकर्ता गौरव दीक्षित फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल, एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा एक कीपैड मोबाइल फोन जब्त किया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी सचिन परते के नेतृत्व में निरीक्षक सतीश तिवारी तथा पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अतिरिक्त कक्षों में संचालित होता है उगली का हाईस्कूल

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले की संवेदनशील तहसील केवलारी की उप तहसील मुख्यालय उगली के निकट संचालित शासकीय हाई स्कूल उगली में लगभग 300 छात्र-छात्राओं की संख्या है, कि यहां पर शाला अतिरिक्त (कक्ष) भवन में संचालित की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल में उगली में बनने वाली बिल्डिंग इस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरी में तीन चार दशक पूर्व में बन गई है, जिसके आधार पर ऑनलाइन पोर्टल में उगली में शाला भवन दिखाई देता है, लेकिन हकीकत में यह बिल्डिंग सकरी में बनी हुई है, जिसको लेकर उगली में नई बिल्डिंग स्वीकृत नहीं हो सकती, उगली स्थित ठाकुरबर्रा खेल मैदान के निकट उप तहसील भवन के नजदीक अतिरिक्त कक्षों में विद्यालय संचालित हो रहा है। शाला के प्रभारी प्राचार्य से जानकारी मिली कि इस सत्र में लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राएं विद्यालय में है, हमें शाला भवन जो अतिरिक्त कक्षों में संचालित हो रहा है विद्यार्थियों को बैठाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, शासन प्रशासन से कई बार निवेदन भी किया जा चुका




है, लेकिन किसी प्रकार का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। नया शैक्षणिक सत्र गत दिवस से आरंभ हो गया है, नवीन विद्यार्थियों के एडमिशन और पूर्व छात्र छात्राओं के आधार पर विद्यालय में प्रतिवर्ष संख्या दर बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर शाला प्रबंधन पूरे साल भर विद्यार्थियों को शाला में कहां बैठाले इस चिंता की वजह से ही परेशान नजर आते हैं।

जिला प्रशासन से निवेदन है कि शासकीय हाई स्कूल उगली में नवीन भवन की स्वीकृति कर इस गंभीर समस्या से शीघ्र छुटकारा दिलाए।

**इनका कहना है**

हमारे विद्यालय यें प्रतिवर्ष नये विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं, जिसके आधार पर छात्र संख्या 300 के उपर है, और विद्यालय में छात्र - छात्राओं को बैठालने की गंभीर समष्या बनी रहती है, हम बच्चोँ को अन्य स्कूलों में भेजते हैं, प्रवेश के लिये तो पालकों में नाराजगी देखी जाती है.

**रवींद्र क्षीरसागर, प्रभारी प्राचार्य**

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष 18 जून को सिवनी प्रवास पर

सिवनी। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार 18 जून 2026 को सिवनी जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा संगठन द्वारा व्यापक स्वागत एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की तैयारी की गई है। प्रवास के दौरान वे जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। प्रवास की शुरुआत प्रातः 10:20 बजे बरघाट क्षेत्र के प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर बहरई में दर्शन एवं पूजन-अर्चन से होगी। इसके बाद धारना, बरघाट, पिंडरई कला एवं सिवनी नगर में विभिन्न स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**समस्या** — नाली निर्माण में बाधा बने अवैध कब्जे हटाने की मांग, कलेक्टर से की त्वरित कार्रवाई की अपील

# खैरीटेक की महिलाओं ने जनसुनवाई में उठाई अतिक्रमण की समस्या

**सिवनी नवभारत।** जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत खेरीटेक की दर्जनों महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचीं और गांव में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य में बाधा बन रहे कथित अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की। महिलाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम खेरीटेक से सिमरिया मार्ग पर लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण नाली निर्माण का कार्य रुका हुआ है।



ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव के भीतर कुछ स्थानों पर बाउंड्री वॉल और अन्य निर्माण कर शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। निर्माण एजेंसी ने सड़क का डामरीकरण तो कर दिया है, लेकिन अतिक्रमण के चलते नाली निर्माण नहीं हो पा रहा है। ठेकेदार द्वारा भी ग्रामीणों को बताया गया है कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा, तब तक नाली का निर्माण संभव नहीं है। महिलाओं का कहना है कि लंबे समय से गांव में सड़क और नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। अब जब यह कार्य शुरू हुआ है तो अतिक्रमण के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान गांव में पानी भरने और गंदगी की समस्या बनी रहती है, जिससे आमजन, विशेषकर स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते नाली का निर्माण नहीं हुआ तो बारिश का पानी घरों में भर सकता है और जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया है। उनका कहना है कि एक कच्चे मकान को हटाने की कार्रवाई की गई, लेकिन प्रभावशाली लोगों के कब्जों के कारण निर्माण कार्य अब भी बाधित है।

जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने प्रेमलता उपाध्याय, सीमा सनोडिया, विजय यादव, शिवकुमारी सनोडिया, यशोदा सनोडिया, पुष्पलता यादव, रश्मि यादव, आरती सनोडिया, सहित अन्य ग्रामीण महिलाओं ने की उपस्थित रही। जिला प्रशासन से मांग की कि अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाकर नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को बरसात में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सके।

# तोरणद्वार का हुआ भूमिपूजन, प्राणप्रतिष्ठा समारोह आयोजित

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से भव्य तोरणद्वार का भूमिपूजन किया गया। आज नागपुर रोड गुरुकुल स्कूल के आरेंज सिटी कालोनी मे स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर के सामने विधायक निधि से निर्मित किये जा रहे भव्य श्याम तोरणद्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम मे भाजपा विधायक ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता किया। तथा विद्वानों के मुखारविंद से प्रवाहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन उपरांत आपके करकमलों से कुदाल चलाकर आधारशिला रखा। तोरणद्वार भूमिपूजन के उपरांत विधायक ने श्री श्याम परिवार समिति के तत्वावधान मे आयोजित श्री श्याम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा समारोह मे सम्मिलित हो बाबा श्याम के दरबार शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि व मंगल की कामना किया। वहीं दर्शन के बाद आपने श्याम भक्तों के साथ भण्डारा मे भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम परिवार समिति पदाधिकारियों द्वारा विधायक अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान श्री राय ने पुनीत कार्य के लिए पूरी समिति और श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल जिला महामंत्री भाजपा, सत्यनारायण अग्रवाल (सत्तू भैया), मनीष अग्रवाल, मनोज गोयल, अनिल सनोडिया सरपंच, विजय अग्रवाल, संदीप ठाकुर सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

